भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2648**
19 दिसम्बर, 2023 को उत्तरार्थ

**विषय: खोपरा के किसानों को मदद**
**2648. श्री ए. गणेश मूर्तिः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) टैनफेड और विनिर्मित मार्केट के माध्यम से गत दो वर्षों के दौरान मूल्य समर्थन योजना के तहत तमिलनाडु में किसानों से सीधे तौर पर खोपरा की कितनी मात्रा वर्ष-वार खरीदी गई;
(ख) गत दो वर्षों के दौरान वर्ष-वार और जिला-वार किसानों से खरीदी गई खोपरा की खरीद दर का ब्यौरा क्या है और इसे किस-किस को और किस मूल्य पर बाजार में बेचा गया;
(ग) क्या किसानों ने शिकायत की है कि उच्च लागत मूल्य को देखते हुए कीमत बहुत लाभकारी नहीं है; और
(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री अर्जुन मुंडा)**

(क) तमिलनाडु राज्य में वर्ष 2022 के दौरान, मूल्य सहायता योजना (पीएसएस) के तहत 40,593.51 मीट्रिक टन खोपरा खरीदा गया, जिसमें से 1,083 मीट्रिक टन खोपरा की खरीद टैनफ़ेड के माध्यम से की गई। इसके अलावा, वर्ष 2023 के दौरान राज्य में 79,003.03 मीट्रिक टन खोपरा की खरीद की गई थी। हालांकि इस वर्ष के दौरान, टैनफ़ेड के माध्यम से कोई खरीद नहीं की गई थी।

(ख) से (घ): पीएसएस के तहत, किसानों से जिंसों की खरीद एमएसपी पर की जाती है। तमिलनाडु राज्य में पीएसएस के तहत खोपरा की खरीद का ज़िला-वार विवरण अनुबंध-I पर है। पीएसएस के तहत तमिलनाडु राज्य में पिछले दो वर्षों में खोपरा की बिक्री का ज़िला-वार विवरण, इसका निपटान मूल्य और जिस पक्ष को बिक्री की गई उसके नाम का विवरण अनुबंध-II पर है।

सरकार संबंधित राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के मतों और अन्य प्रासंगिक कारकों पर विचार करने के बाद, कृषि लागत और मूल्य आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर मिलिंग खोपरा और बॉल खोपरा सहित 22 अधिदेशित कृषि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है। सीएसीपी, एमएसपी की अनुशंसा करने के दौरान महत्वपूर्ण कारकों जैसे कि उत्पादन की लागत, घरेलू और वैश्विक बाजारों में विभिन्न फसलों की समग्र मांग-आपूर्ति की स्थिति, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कीमतों, अंतर-फसल मूल्य समता, कृषि और गैर-कृषि क्षेत्र के बीच व्यापार की शर्तों, शेष अर्थव्यवस्था पर मूल्य नीति के प्रभाव और उत्पादन की लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत के मार्जिन को ध्यान में रखता है।

केंद्रीय बजट वर्ष 2018-19 के माध्यम से एमएसपी को पूर्व-निर्धारित सिद्धांत के अनुसार उत्पादन की लागत से 1.5 गुना के स्तर पर रखने की घोषणा की गई थी। तदनुसार, सरकार ने कृषि वर्ष 2018-19 से अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के न्यूनतम 50 प्रतिशत के रिटर्न के साथ सभी अधिदेशित खरीफ, रबी और अन्य व्यावसायिक फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि की है। इसी सिद्धांत के अनुरूप, सरकार ने वर्ष 2023 के लिए खोपरा (मिलिंग और बॉल) के एमएसपी में वृद्धि की घोषणा की। वर्ष 2022 और 2023 के लिए खोपरा (मिलिंग और बॉल) के एमएसपी का विवरण निम्नवत है:--

(रुपये प्रति क्विंटल)

| **जिंस** | **किस्म** | **2022** | **2023** |
|---|---|---|---|
| खोपरा | मिलिंग | 10,590 | 10,860 |
| | बॉल | 11,000 | 11,750 |

**अनुबंध-I**

| **2022 और 2023 सीजन के दौरान तमिलनाडु राज्य में पीएसएस के तहत मिलिंग कोपरा की खरीद का विवरण** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2022** | | **2023** | |
| **राज्य** | **जिला** | **एमएसपी 10590 रुपये (प्रति क्विंटल)** | **खरीद की मात्रा (मीट्रिक टन में)** | **एमएसपी 10860 रुपये (प्रति क्विंटल)** | **खरीद की मात्रा (मीट्रिक टन में)** |
| तमिनलाडु सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (टैनफ़ेड) और मेसर्स तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड (टीएनएसएएमबी) | कोयंबटूर | 10590.00 | 17744.01 | 10860.00 | 28206.35 |
| | धर्मपुरी | | 12.45 | | 69.80 |
| | डिंडीगुल | | 857.00 | | 2129.40 |
| | इरोड | | 2081.49 | | 8196.97 |
| | थेनी | | 3.95 | | 101.40 |
| | तिरुचिरापल्ली | | - | | 81.00 |
| | तिरुनेलवेली | | 46.14 | | 584.01 |
| | तिरुवरुर | | 151.80 | | 589.95 |
| | वेल्लोर | | 50.75 | | 103.00 |
| | विरुधुनगर | | 249.80 | | 394.85 |
| | तंजावुर | | 4693.94 | | 8789.00 |
| | नागपट्टिनम | | - | | 498.70 |
| | सलेम | | 152.80 | | 509.55 |
| | नमक्कल | | 425.00 | | 2540.45 |
| | मदुरै | | 16.90 | | 162.00 |
| | पुदुकोट्टई | | 724.13 | | 1204.80 |
| | तिरुपुर | | 12856.75 | | 23557.15 |
| | तूतूकुड़ी | | 121.70 | | 221.60 |
| | कृष्णागिरी | | 98.55 | | 149.75 |
| | शिवगंगई | | 280.85 | | 545.20 |
| | कन्याकुमारी | | 2.00 | | 47.65 |
| | रामनाथपुरम | | 23.50 | | 107.95 |
| | करूर | | - | | 180.75 |
| | तिरुपथुर | | - | | 31.75 |
| | **कुल** | | **40593.51** | | **79003.03** |

**अनुबंध-II**

| **पीएसएस मिलिंग खोपरा 2022 के निपटान का ज़िला-वार एवं पक्ष-वार विवरण** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **ज़िला** | **पक्ष का नाम** | **बिक्री दर (प्रति क्विंटल** | **बिक्री की मात्रा (क्विंटल में)** |
| 1 | सलेम | मैरिको लि. | 8,400.00 | 5,000.00 |
| 2 | | चेन्नीअप्पा एक्सपोर्ट्स | 8,310.00 | 2,000.00 |
| 3 | | मैरिको लि. | 8,310.00 | 1,000.00 |
| 4 | | मैरिको लि. | 8,300.00 | 1,000.00 |
| 5 | | मैरिको लि. | 8,290.00 | 3,000.00 |
| 6 | | मैरिको लि.. | 8,275.00 | 5,100.00 |
| 7 | | मैरिको लि.. | 8,255.00 | 4,900.00 |
| 8 | | मैरिको लि. | 8,200.00 | 6,000.00 |
| 9 | | मैरिको लि. | 8,200.00 | 10,099.00 |
| 10 | | मैरिको लि. | 8,200.00 | 6,000.00 |
| 11 | | चेन्नीअप्पा एक्सपोर्ट्स | 8,205.00 | 1,500.00 |
| 12 | | कलर ट्रेडर्स | 8,205.00 | 1,000.00 |
| 13 | | एपीजे अब्दुल कलाम एडु सेव. | 8,205.00 | 1,000.00 |
| 14 | | प्लैटिनम ट्रेडिंग कंपनी | 8,205.00 | 1,500.06 |
| 15 | | मैरिको लि. | 8,205.00 | 10,099.00 |
| 16 | | एनएम कोकोनट ऑयल मर्चेंट्स | 8,205.00 | 1,800.00 |
| 17 | | चेन्नीअप्पा एक्सपोर्ट्स | 8,205.00 | 1,500.00 |
| | | **कुल** | | **62,498.06** |
| 18 | कोयंबटूर | कलर ट्रेडर्स | 8,205.00 | 1,500.00 |
| 19 | | केरम ऑयल मिल्स प्रा. लि. | 8,211.00 | 3,000.00 |
| 20 | | एम. के. फ़ाइबर | 8,505.00 | 1,500.00 |
| 21 | | मैरिको लि. | 8,501.00 | 5,000.12 |
| 22 | | मैरिको लि. | 8,205.00 | 5,100.00 |
| 23 | | मैरिको लि. | 8,205.00 | 5,100.00 |
| 24 | | मैरिको लि. | 8,205.00 | 5,000.00 |
| 25 | | मैरिको लि. | 8,211.00 | 1,500.00 |
| 26 | | नमाज्को ट्रेड्स एंड एक्सपोर्ट्स प्रा. लि. | 8,211.00 | 1,000.00 |
| | | **कुल** | | **28,700.12** |
| 27 | तिरुपुर | बालाजी एग्रो प्रोडक्ट्स | 8,205.00 | 1,300.00 |
| 28 | | ईएमएस कोकोस | 8,200.00 | 1,000.04 |
| 29 | | के. एम. ऑयल इंडस्ट्रीज़ | 8,505.00 | 1,700.00 |
| 30 | | केरम ऑयल मिल्स प्रा. लि. | 8,212.00 | 1,999.95 |
| 31 | | केरम ऑयल मिल्स प्रा. लि. | 8,200.00 | 1,999.97 |
| 32 | | मैरिको लि. | 8,205.00 | 9,999.96 |
| 33 | | मैरिको लि. | 8,212.00 | 3,527.43 |
| 34 | | नमाज्को ट्रेड्स एंड एक्सपोर्ट्स प्रा. लि. | 8,212.00 | 1,999.97 |
| 35 | | नमाज्को ट्रेड्स एंड एक्सपोर्ट्स प्रा. लि. | 8,200.00 | 1,000.01 |
| | | **कुल** | | **24,527.33** |
| | | **कुल योग** | | **115,725.51** |

टिप्पणी: तमिलनाडु राज्य में वर्ष 2023 सीज़न के लिए खरीद की शुरुआत के साथ खोपरा के निपटान को बंद कर दिया गया था।

****